**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## जन्माष्टमी पर राज्यपाल ने श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की

## कन्हैया गौशाला में गाय का पूजन कर बछड़े को दुलारा

जयपुर/ जोधपुर, 26 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर जोधपुर स्थित श्री कन्हैया गौशाला पहुंचकर वहां भगवान श्री कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने बाद में गौशाला में गाय का पूजन कर नन्हे बछड़े का दुलार भी किया। उन्होंने गायों को हरा चारा भी खिलाया।

गौशाला का अवलोकन करते हुए उन्होंने गौधन संरक्षण के साथ गौ उत्पादों के प्रभावी विपणन की रणनीति पर कार्य करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कन्हैया गौशाला की व्यवस्थाओं, प्रबंधन और गौधन संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### डेयरी संयंत्र का अवलोकन

राज्यपाल ने जोधपुर में डेयरी संयंत्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने इस दौरान डेयरी के विभिन्न उत्पादों, दूध वितरण व्यवस्था और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए पशुपालकों को सभी स्तरों पर लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने वृक्षारोपण भी किया।

-----

## राज्यपाल ने कहा खूब पढ़ें और निरंतर जीवन में आगे बढ़ें

## राज्यपाल श्री बागडे ने राजकीय जनजाति आश्रम कन्या छात्रावास की बालिकाओं से संवाद किया

जयपुर/ जोधपुर, 26 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने जोधपुर में सोमवार को जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय जनजाति आश्रम कन्या छात्रावास की बालिकाओं से संवाद किया।

उन्होंने बालिकाओं को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें खूब पढ़ने और निरंतर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं से उनकी शिक्षा, उपलब्ध सुविधाओं और शिक्षा बाद निर्धारित लक्ष्य के बारे में जाना। उन्होंने आत्मविश्वास रखते बालिकाओं को हर क्षेत्र में अपने को साबित करने का आहवान किया। इससे पहले उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनजातीय वर्ग का कल्याण हम सबकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। बालिकाओं को विकास के लिए हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाए।

इससे पहले उन्होंने राजकीय जनजाति आश्रम कन्या छात्रावास में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

-----


कामधेनु जैविक खाद

























श्रीमान् हरिभाऊ किसनराव बागड़े
संवाद कार्यक्रम


GHEE
TANK 02


जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग
श्रीमान् हरिभाऊ किसनराव बागड़े
महामहिम माननीय राज्यपाल, राजस्थान
का राजकीय कन्या जनजाति आश्रम छात्रावास जोधपुर की बालिकाओं के साथ
संवाद कार्यक्रम
सोमवार, 26 अगस्त 2024





